>

Title: Need to provide jobs to the people whose lands were acquired for Lalitpur-Singrauli Railway Project in Siddhi.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): सभापति महोदया, धन्यवाद । आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र से जुड़े हुए विषय पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया है । ललितपुर सिंगरौली रेलवे परियोजना, मेरे संसदीय क्षेत्र की अतिमहत्वपूर्ण और बहुत पुरानी परियोजना है । इस परियोजना की वर्ष 2014 से पहले की स्थिति यह थी कि इसका सारा काम ठप्प पड़ा हुआ था । इस परियोजना को सरकार के माध्यम से कुछ भी धनराशि नहीं मिल रही थी ।

सभापति महोदया, मैं केन्द्र सरकार का धन्यवाद करती हूँ कि इस परियोजना को वर्ष 2014 से अब तक लगातार धनराशि आबंटित की जा रही है । उसके माध्यम से यह परियोजना अपनी गति को लेकर आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है ।

सभापति महोदया, इस परियोजना में एक छोटी सी अड़चन आती है । यह अड़चन रोजगार से जुड़ी हुई है । इस परियोजना में हमारे सभी अभ्यर्थियों का भूमि अधिग्रहण हो गया है और जिनका भूअधिग्रहण हुआ है और उससे रोजगार का जो विषय जुड़ा हुआ है, वह अब लंबित पड़ा है । मेरे आग्रह पर रेलवे का दिनांक 11.11.2019 का जो आदेश था, उसमें यह था कि जिनकी जमीनें अधिग्रहित की गई हैं, उनके अधिग्रहण के बाद उन्हें रोजगार प्रदान किया जाए । इसी आशा से मैंने पहले भी इस विषय को आपके माध्यम से सदन में रेल मंत्री जी के सामने रखने का प्रयास किया था । उस आदेश में यह था कि उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं ।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूँ कि हमारे मण्डल के जो अधिकारी हैं, उस मंडल के माध्यम से लगातार यह

कहा जाता है कि इस आदेश के विपरीत दिनांक 11.11.2019 के बाद आपके जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसके अनुसार हम आपको रोजगार उपलब्ध करवाने में असमर्थ हैं । मेरा आपसे विनम्र आग्रह है कि हमारे यहाँ के सभी अभ्यर्थी, जिन्हें रोजगार मिल चुका है और जो इस प्रक्रिया में शामिल हैं, वे आशान्वित हैं कि आने वाले समय में उन्हें भूअधिग्रहण के इस विषय से रोजगार मिलेगा । मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहती हूँ कि रेल मंत्री जी के माध्यम से उन्हें रोजगार दिलाने की विशेष कृपा की जाए ।

माननीय सभापति : मेरा सबसे आग्रह है कि आप एक-एक मिनट में अपनी बात खत्म करें । काफी माननीय सदस्य बचे हुए हैं । हमें पाँच बजे तक हाउस को उठाना है, इसलिए आप सभी से मेरा आग्रह है कि एक मिनट से अधिक समय कोई न ले ।